

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 नवम्बर 2019







Prep Smart. Score Better. Go gradeup

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 15-21 नवम्बर 2019

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **तीसरे सप्ताह** (15-21) **नवम्बर 2019** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. **मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस** ने वित्त वर्ष 2019 के लिए भारत के आर्थिक विकास पूर्वानुमान को घटाकर कितना दिया ___ **5.6%।**

**नोट:**

- मूडीज का कहना है कि सरकारी उपाय उपभोग की मांग में व्याप्त कमी को दूर नहीं करते हैं।
- मूडीज ने 10 अक्टूबर को वर्ष 2019-20 के लिए भारत के आर्थिक विकास पूर्वानुमान को 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, इससे पहले यह पूर्वानुमान 6.2 प्रतिशत था।

2. प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31(1) के तहत **BNP परिबास (BNPP) म्यूचुअल फंड** और **बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) म्यूचुअल फंड के विलय** को किसने मंजूरी दी ___ **भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)।**

**नोट:**

- प्रस्तावित संयोजन BNP परिबास म्यूचुअल फंड और BOB म्यूचुअल फंड के विलय से संबंधित है।
- पार्टियों ने (i) BOB एसेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) का BNPP AMC में विलय करने और (ii) BNPP ट्रस्टी कंपनी (TC) का BOB TC में विलय करने का प्रस्ताव दिया है।

3. अपने ग्राहकों को गैर-जीवन बीमा समाधान प्रदान करने के लिए **'फिनो पेमेंट्स बैंक'** के साथ किसने साझेदारी की______ **ICICI लोम्बार्ड।**

**नोट:**

- अब, ICICI लोम्बार्ड ने कई नवीन बीमा समाधान पेश किए हैं जो फिनो के प्रौद्योगिकी-सक्षम प्लेटफॉर्म को पूरक बनाते हैं और इसकी ग्राहक तक पहुंच का उपयोग करते हैं।
- ICICI लोम्बार्ड और फिनो ने डेंगू और मलेरिया पॉलिसी भी शुरू की, जिसमें डेंगू और मलेरिया की बीमारियों का 10,000 रुपये तक का इलाज 49 रुपये के प्रीमियम पर उपलब्ध है।

4. सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सख्त प्रकटीकरण मानदंड किसने मंजूर किए_____ **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)।**

**नोट:**

- तदनुसार, 30 दिनों से अधिक के ऋणों के पुनर्भुगतान में डिफॉल्ट के मामले में, सूचीबद्ध कंपनियों को 24 घंटों के अंदर इस तरह के डिफॉल्ट के तथ्यो का खुलासा करना होगा।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सेबी ने पोर्टफोलियो मैनेजर्स (PM) रेगुलेशंस, 2019 में संशोधन किया है, जिसके बाद पोर्टफोलियो मैनेजरों की निवल संपत्ति आवश्यकता दो करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गई है।

**5.** नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) ने वर्ष 2019-20 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) विकास दर कितनी बताई है _______ **4.9%।**

**नोट:**

- इसने लगभग सभी क्षेत्रों में मंदी के कारण अपने आउटलुक को कम किया और यह मुख्य रूप से सकल मांग के सभी संचालकों की समकालीन मंदी से प्रेरित है।

**6.** भारत सरकार ने किनके बचाव के लिए इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (IBC) के तहत नए नियम जारी किए हैं_______ **गैर-बैंक उधारदाताओं।**

**नोट:**

- नए नियमों से संकटग्रसत छाया बैंकों (shadow banks) और हाउसिंग फाइनेंसरों को मदद मिलने की संभावना है, जो एक वर्ष से नकदी की कमी से जूझ रहे हैं।
- इन संस्थाओं को दिवालियापन कोड के तहत एक विशेष विंडो द्वारा कवर किया जाएगा, जिसे समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा।

**7.** कर्ज में डूबे दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (DHFL) के बोर्ड को किसने भंग किया के ____ **भारतीय रिजर्व बैंक।**

**नोट:**

- कंपनी दिवालियापन अदालतों में जाने वाली भारत की पहली वित्तीय कंपनी होगी।
- केंद्रीय बैंक ने संचालन के मुद्दों और विभिन्न भुगतान दायित्वों को पूरा करने में डिफॉल्ट DHFL बोर्ड को भंग कर दिया था।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ जिनका निधन हो गया _____ **वशिष्ठ नारायण सिंह।**

**नोट:**

- 77 वर्षीय गणितज्ञ 40 वर्ष से स्किज़ोफ्रेनिया से पीड़ित थे।
- वशिष्ठ नारायण सिंह अपने असाधारण गणना कौशल, आइंस्टीन सिद्धांत को चुनौती देने के लिए प्रसिद्ध थे।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** राष्ट्रीय प्रेस दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**16 नवंबर।**

**नोट:**

- इस दिन प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक नैतिक प्रहरी के रूप में काम करना शुरू किया कि प्रेस उच्च मानकों को बनाए रखता है और किसी भी प्रभाव या खतरों के बंधन में नहीं आता है।

**2.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस** हर वर्ष मनाया जाता है_____**16 नवंबर।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- यह दिवस जनता को चिंताओं के मुद्दों पर शिक्षित करने, वैश्विक समस्याओं को ध्यान में लाने हेतु राजनीतिक इच्छाशक्ति और संसाधनों का उपयोग करने और मानवता की उपलब्धियों को संगठित करने के लिए मनाया जाता है।

**3.** सड़क यातायात पीड़ितों का विश्व स्मारक दिवस सड़क यातायात दुर्घटनाओं के पीड़ितों और उनके परिवारों को उचित कृतज्ञता के रूप में मनाया जाता है _____ **17 नवंबर (नवंबर में तीसरा रविवार)।**

**नोट:**

- इसका विषय डेकेड ऑफ एक्शन फॉर रोड सेफ्टी- सेफर वीकल्स वैश्विक योजना के स्तंभ 3 पर आधारित है।

**4.** विश्व शौचालय दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है_______**19 नवंबर।**

**नोट:**

- इसका उद्देश्य स्वच्छता के मुद्दों पर दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करना है।
- वर्ष 2019 का विषय 'कोई भी पीछे न छूटे' (Leaving No One Behind) है।
- इस दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए क्रिया-कलापों को प्रोत्साहित करना और सतत विकास लक्ष्य 6 (SDG 6) को प्राप्त करने में मदद करना है, जो 2030 तक सभी के लिए स्वच्छता का वादा करता है।

**5.** देश भर में कौमी एकता सप्ताह मनाया जाता है ______ **19-25 नवंबर।**

**नोट:**

- धर्मनिरपेक्ष निर्माण के लिए संभावित खतरों के विरोध में देश की ताकत और लचीलापन को उजागर करने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है।
- यह समय बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक समाज में सहिष्णुता, सह-अस्तित्व और भाईचारे के मूल्यों में पुरानी परंपराओं और विश्वास की पुन:पुष्टि करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

**6.** विश्व बाल दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ______**20 नवंबर।**

**नोट:**

- विश्व बाल दिवस का लक्ष्य दुनिया भर में बाल कल्याण में सुधार करना, बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देना और उन्हें सम्मानित करना और सभी बच्चों के बीच मैत्रीभाव और जागरूकता को बढ़ावा देना है।
- अंतर सरकारी संगठन पूरे विश्व में व्यक्तियों, विद्यालयों और निगमों को इस विश्व बाल दिवस पर 'Go Blue' हेतु प्रोत्साहित कर रहा है ताकि वे ऐसी दुनिया का निर्माण कर सके जहां हर बच्चा विद्यलाय जाता हो और वह अनिष्ट से सुरक्षित हो।

**7.** अफ्रीका औद्योगीकरण दिवस मनाया जाता है ___**20 नवंबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2019 का विषय **'Positioning African Industry to Supply the AfCFTA Market'** है।
- 22 मार्च 2018 को, अफ्रीकी संघ के 44 सदस्य देशों ने एक अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (AfCFTA) की स्थापना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए, इस प्रकार माल एवं सेवाओं के लिए एक एकल अफ्रीकी बाजार की शुरुआत की गई।

**8.** विश्व मत्स्यपालन दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**21 नवंबर।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह दिवस पानी और पानी के अंदर और बाहर दोनों स्थान पर मानव जीवन के महत्व को उजागर करने में सहायता करता है।
- इस वर्ष का विषय '2022 का है सपना किसान की आय हो दोगुना - संकल्प से सिद्धि' है।

**9.** विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है___**21 नवंबर।**

**नोट:**

- **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने वर्ष 1996 में पहला विश्व टेलीविजन मंच आयोजित होने के उपलक्ष्य में 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में घोषित किया था।
- यह दिवस लोगों को प्रभावित करने वाले अलग-अलग मुद्दों में टेलीविजन मुख्य भूमिका निभाता है, इस बात को मान्यता प्रदान करता है।

**10.** यूनेस्को द्वारा **विश्व दर्शन दिवस** घोषित किया गया था___ **नवंबर के तीसरे गुरुवार।**

**नोट:**

- यह पहली बार 21 नवंबर 2002 को मनाया गया था।
- 2019 संस्करण का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रीय संदर्भों में दर्शन के महत्व को उजागर करना है।

## नई नियुक्ति

**1.** भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री का कार्यभार किसने संभाला____ **प्रकाश जावड़ेकर।**

**नोट:**

- वह सूचना एवं प्रसारण, और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभागों में भी कार्यरत हैं।
- इससे पहले, शिवसेना नेता अरविंद सावंत के केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था।

**2.** आंध्र प्रदेश की पहली महिला मुख्य सचिव किन्हें नियुक्त किया गया ___ **नीलम साहनी।**

**नोट:**

- भारत सरकार की मंत्रिमंडल नियुक्त समिति, ने 13 नवंबर, 2019 को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी।
- वह नीरव कुमार की जगह लेंगी, जिन्होंने एक सप्ताह पहले एल.वी. सुब्रमण्यम के अचानक स्थानांतरण के बाद, मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाला था।

**3.** भारत के 47वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ग्रहण की ___ **न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबडे।**

**नोट:**

- न्यायमूर्ति एस.ए. बोबड़े ने मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की जगह ली।
- न्यायमूर्ति बोबडे का जन्म जन्म नागपुर (महाराष्ट्र) में हुआ था और वह एक प्रख्यात वरिष्ठ वकील अरविंद श्रीनिवास बोबडे के पुत्र हैं।

**4. श्रीलंका के नए राष्ट्रपति** के रूप में किसने शपथ ली___ **गोटबाया राजपक्षे।**

**नोट:**

- वह पांच वर्षीय कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की जगह लेंगे।
- राजपक्षे ने 52.25% वोट (6,924,255) हासिल किए, जबकि सजीथ प्रेमदासा को 41.99% वोट मिले।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- गोटबाया पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे (2005 से 2015 तक) के छोटे भाई हैं और उन्होंने लिट्टे युद्ध की समाप्ति के दौरान रक्षा सचिव के रूप में कार्य किया।

**5. न्यायमूर्ति डॉ. रवि रंजन** ने किस उच्च न्यायालय के 13वें न्यायधीश के रूप में शपथ ग्रहण की ______ **झारखंड।**

**नोट:**

- राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने रांची (झारखंड की राजधानी) के राजभवन में न्यायमूर्ति रवि रंजन को शपथ दिलाई।
- न्यायमूर्ति रंजन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे।
- पूर्व मुख्य न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के बाद इस वर्ष मई से यह पद रिक्त था।

**6. न्यायमूर्ति अकील अब्दुल हामिद कुरैशी** ने कहां के उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली ______ **त्रिपुरा।**

**नोट:**

- राज्यपाल रमेश बैस ने अगरतला में पुराने राजभवन में पद की शपथ दिलाई।
- त्रिपुरा उच्च न्यायालय की स्थापना 23 मार्च 2013 को भारतीय संविधान और पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 में उपयुक्त संशोधन करने के बाद हुई।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** ब्राजील के राष्ट्रपति जो गणतंत्र दिवस परेड 2020 में **मुख्य अतिथि** होंगे ___ **जेयर बोल्सोनारो।**

**नोट:**

- वर्ष 2018 एक ऐतिहासिक वर्ष था जब 10 आसियान देशों - थाईलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और ब्रुनेई के नेता गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे।
- 26 जनवरी, 2020 को भारत अपना 71वां गणतंत्र दिवस मनाएगा।

**2.** भारत को जलवायु लचीलापन को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन क्लाइमेट फंड से कितने मिलियन डॉलर की धनराशि मिलेगी _____ **43 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- भारत ने **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)** के साथ साझेदारी में तीन तटीय राज्यों में जलवायु लचीलापन बढ़ाने के लिए 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजना की शुरुआत की।
- परियोजना को ग्रीन क्लाइमेट फंड द्वारा वित्त पोषित किया गया है, जिसे विकासशील देशों की सहायता के लिए यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) फ्रेमवर्क के तहत स्थापित किया गया है।

**3.** अंटार्कटिका में 403 दिन रहने वाली पहली महिला वैज्ञानिक __ **मंगला मणि।**

**नोट:**

- मणि उस अभियान दल का हिस्सा थीं, जो नवंबर 2016 में भारत के अंटार्कटिका के अनुसंधान केंद्र (भारती) में गया था।
- वह उस 23 सदस्यीय टीम में एकमात्र महिला थी जो इस बार हिम महाद्वीप में गया था।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**4.** केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय ने एक नई **राष्ट्रीय जल नीति (NWP)** का मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति के अध्यक्ष _____ **मिहिर शाह।**

**नोट:**

- समिति में 10 मुख्य सदस्य हैं, जिनमें जल संसाधन के पूर्व सचिव शशि शेखर और केंद्रीय भूजल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ए.बी. पांड्या शामिल हैं।
- वर्तमान में लागू NWP को वर्ष 2012 में तैयार किया गया था और वर्ष 1987 के बाद यह तीसरी ऐसी नीति है।

**5. सर्वोच्च न्यायालय** ने माना है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) का कार्यालय किसके अंतर्गत एक लोक प्राधिकरण है _____ **सूचना के अधिकार (RTI) अधिनियम 2005।**

**नोट:**

- इस संबंध में निर्णय 13 नवंबर, 2019 को CJI रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा लिया गया था।
- रंजन गोगोई के अलावा बेंच के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति नुथालपति वेंकट रमण, धनंजय यशवंत चंद्रचूड, दीपक गुप्ता और संजीव खन्ना थे।

**6.** भारतीय नौसेना ने **लेफ्टिनेंट कमांडर काराबी गोगोई** को कहां का सहायक नौसेना अटैची चुना ______ **मास्को दूतावास।**

**नोट:**

- वह रूस में राजनयिक कार्य के लिए नियुक्त होने वाली दूसरी महिला रक्षा कर्मी होंगी।
- वर्तमान में नौसेना के करवार बेस में एक नौसेना इंजीनियर के रूप में तैनात अधिकारी रूसी भाषा भी सीख रही हैं और उनके द्वारा अगले महीने मॉस्को में अपना नया कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

**7.** छठी विश्व ग्रामीण एवं कृषि वित्त कांग्रेस कहां आयोजित की गई थी_____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- इसे एशिया-पैसिफिक रूरल एंड एग्रीकल्चरल क्रेडिट एसोसिएशन (APRACA), राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

**8.** भारत-अमेरिका की तीनों सेनाओं का उभयचरी अभ्यास **टाइगर ट्रायम्फ** कहां शुरू हुआ _____ **विशाखापट्टनम।**

**नोट:**

- प्रशिक्षण कार्यक्रम अमेरिका-भारत के सैन्य संबंधों को बढ़ाएगा और मानवीय सहायता और आपदा प्रतिक्रिया में व्यक्तिगत और लघु इकाई कौशल को प्रखर बनाएगा।
- अभ्यास में कर्मचारी-नियोजन कार्यक्रम के साथ-साथ फील्ड प्रशिक्षण भी शामिल होगा जो जहाज से किनारे तक मानवीय सहायता/आपदा राहत बल को स्थानांतरित करने का अनुकरण करता है।

**9.** लेखक और समीक्षक, **हरीश भट** का नया उपन्यास जिसे मुंबई में विमोचित किया गया_____**'एन एक्स्ट्रीम लव ऑफ कॉफी'।**

**नोट:**

- उपन्यास पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा टाटा स्टारबक्स के सहयोग से प्रकाशित किया गया है।
- यह उनकी तीसरी पुस्तक लेकिन पहली फिक्शन पुस्तक है और इसे पूरा करने में भट को लगभग 8 महीने लगे।
- पुस्तक दो युवाओं, राहुल और नेहा की कहानी है जो कॉफी के अपने जुनून का पीछा करते हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**10.** सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर किसने हस्ताक्षर किए ___ **CSIR- IMTECH, चंडीगढ़।**

**नोट:**

- इस सहयोग का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में विशेषकर उन परियोजनाओं और मिशन में अत्याधुनिक अनुसंधान को आगे बढ़ाना है जिनमें दोनों संस्थान एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

**11.** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों में सुशासन कार्यप्रणालियों की प्रतिकृति पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन कहां प्रारंभ हुआ ___ **जम्मू।**

**नोट:**

- सुशासन कार्यप्रणालियों की प्रतिकृति विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों में प्रारंभ हुआ।
- सम्मेलन का आयोजन जम्मू और कश्मीर और लद्दाख सरकार के सहयोग से भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा किया गया।

**12. राष्ट्रीय स्कूल प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक समग्र उन्नति पहल (निष्ठा)** कहां शुरू की गई _____ **जम्मू और कश्मीर।**

**नोट:**

- इस कार्यक्रम में लगभग 300 शिक्षक, प्रमुख संसाधन व्यक्ति (KRP) और मुख्य शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य और शैक्षिक प्रशासक उपस्थित थे।
- निष्ठा एक राष्ट्रीय मिशन है जिसका उद्देश्य समेकित शिक्षक प्रशिक्षणों के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के परिणामों में सुधार करना है।

**13.** नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में एक ऑनलाइन चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज़ एंड एक्सप्लॉइटेशन (OCSAE) रोकथाम और जांच यूनिट की स्थापना किसने की___ **केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)।**

**नोट:**

- यह इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्न के बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए स्थापित की गई है।
- एजेंसी की विशेष अपराध जांच शाखा के तहत स्थापित नई विशेष यूनिट उन लोगों पर खुफिया जानकारी एकत्र करेगी जो कथित तौर पर इंटरनेट पर ऐसी सामग्री बना रहे हैं और प्रसारित कर रहे हैं।

**14.** स्मृति ईरानी ने किससे निपटने के लिए भारतीय पोषण कृषि कोष (BPKK) की शुरुआत की ____ **कुपोषण।**

**नोट:**

- पोषण एटलस का उद्घाटन स्मृति जुबिन ईरानी ने नई दिल्ली में बिल गेट्स के साथ किया।
- भारतीय पोषण कृषि कोष बेहतर पोषण परिणामों में मदद करने के लिए 128 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विविध फसलों का भंडार है।
- कोष का उद्देश्य कृषि सहित बहु-क्षेत्रीय परिणाम आधारित रूपरेखा के माध्यम से देश भर में महिलाओं और बच्चों के बीच कुपोषण को कम करना है।

**15.** राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने भारतीय नौसेना अकादमी को प्रतिष्ठित **राष्ट्रपति ध्वज (President's Colour)** कहां प्रदान किया___ **कन्नूर, केरल।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- राष्ट्रपति ध्वज उत्कृष्टता का एक दृश्य प्रतीक है और युद्ध एवं शांति दोनों के दौरान बहुमूल्य योगदान के माध्यम से अर्जित किया जाता है।

**16.** शीतकालीन-ग्रेड का एक विशेष डीजल किसने लॉन्च किया जो माइनस 33 डिग्री सेल्सियस तक नहीं जमता है **इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOC)।**

**नोट:**

- इस ईंधन से बर्फ से ढके सीमावर्ती क्षेत्रों तक वर्ष भर पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी और यह रणनीतिक सड़क संपर्क को गति देने के भारत के प्रयासों का हिस्सा है।
- यह नया ईंधन भारतीय सुरक्षा बलों को महत्वपूर्ण आपूर्ति और गोला-बारूद का संग्रह करने में मदद करेगा जो सर्दियों में खराब मौसम के कारण बंद हो जाता है।
- इंडियन ऑयल का शीतकालीन-ग्रेड का डीजल BIS विनिर्देशों को पूरा करता है और कंपनी की पानीपत रिफाइनरी द्वारा उत्पादित और प्रमाणित किया गया है।

**17. यूनिसेफ** (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) ने एक 28-पेज की बुकलेट जारी की है जिसका नाम है ______**"फ्रॉम उत्तपम टू स्प्राउटेड दाल पराठा"।**

**नोट:**

- यह बताती है कि 20 रुपये से कम में तैयार पौष्टिक भोजन बच्चों में कम वजन, मोटापे और एनीमिया जैसी समस्याओं से निपटने में मदद करेगा।
- पुस्तक में व्यंजन के प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, फाइबर, लौह तत्व, विटामिन C और कैल्शियम सामग्री का विस्तृत वर्णन दिया गया है।
- यह पुस्तक समग्र राष्ट्रीय पोषण सर्वेक्षण 2016-18 के निष्कर्षों पर आधारित है, जिसके अनुसार पांच वर्ष से कम आयु के 35% बच्चे अविकसित (आयु के आधार पर कम ऊंचाई), 17% कमजोर (ऊंचाई के आधार पर कम वजन) और 33% कम वजन वाले हैं।

**18.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कहां पर **राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान (NISR)** की स्थापना को मंजूरी दी ___**लेह।**

**नोट:**

- राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान (NISR) की स्थापना भारतीय उप-महाद्वीप में सोवा-रिग्पा की बहाली के लिए एक प्रेरणा प्रदान करेगी।
- यह आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन होगा।
- इसने निर्माण स्तर से ही परियोजना के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए स्तर -14 में निदेशक के पद के सृजन को भी मंजूरी दी।

**19.** RSS प्रमुख **डॉ. मोहन भागवत** ने कहां पर **अंतर्राष्ट्रीय प्रधानाचार्य शिक्षा सम्मेलन (IPEC)** का उद्घाटन किया ___ **नागपुर।**

**नोट:**

- प्रख्यात गणितज्ञ आनंद कुमार (सुपर 30 के संस्थापक) को इस अवसर पर नचिकेता सर्वोत्तम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- श्री कुमार ने यह पुरस्कार उन सभी शिक्षकों को समर्पित किया, जो वंचित बच्चों के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** कक्षा 1 से 6 तक अंग्रेजी माध्यम शुरू करने के लिए **'नाडु-नेडू' योजना** किसने शुरू की __ **आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- केंद्र सरकार जनवरी 2020 में **'अम्मा वोडी'** नामक एक और योजना भी शुरू करने की योजना बना रही है ताकि उन माताओं को प्रोत्साहन दिया जा सके जो अपने बच्चों को स्कूल भेजती हैं और कक्षा 12 तक उनकी शिक्षा जारी रखती हैं।
- प्रथम चरण में, 'नाडु-नेडू' कार्यक्रम 15,715 स्कूलों में लागू किया जाएगा।
- यह 12,000 करोड़ रुपये के बजट में तीन वर्षों में सभी स्कूलों में पहुंचाया जाएगा।

**2.** कर्नाटक के मुख्यमंत्री **बी.एस. येदियुरप्पा** ने तीन दिवसीय **बेंगलुरु टेक समिट** का उद्घाटन कहां किया ___ **बेंगलुरु प्लेस।**

**नोट:**

- इस शिखर सम्मेलन में 3500 से अधिक प्रतिनिधि, 12,000 से अधिक आगंतुक और 200 से अधिक वक्ता भाग ले रहे हैं।
- 250 प्रदर्शक आगंतुकों को अपनी सेवाएं, उत्पाद और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेंगे।
- शिखर सम्मेलन में भारत और 20 बाहरी देशों के वैश्विक तकनीकी नेताओं, निवेशकों, उद्योग प्रमुखों, अनुसंधान प्रमुखों, नीति निर्माताओं और स्टार्टअप्स के भाग लेने की उम्मीद है।

**3.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** ने उत्तर भारत की पहली चीनी मिल का उद्घाटन कहां किया ____**गोरखपुर (पिपराइच क्षेत्र)।**

**नोट:**

- उत्तर भारत की पहली चीनी मिल गन्ने से सीधे इथेनॉल का उत्पादन करेगी।
- इथेनॉल स्वाभाविक रूप से यीस्ट द्वारा शर्करा के किण्वन या पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं के माध्यम से उत्पादित किया जाता है और इसका आमतौर पर एक लोकप्रिय मनोरंजक दवा के रूप में सेवन किया जाता है।

**4.** दार्जिलिंग की दो चाय किस्में जिन्हें देश में **भौगोलिक संकेत (GI)** उत्पादों के रूप में पंजीकृत किया गया___ **ग्रीन टी और व्हाइट टी।**

**नोट:**

- दार्जिलिंग चाय की इन दो किस्मों को भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण एवं संरक्षण) अधिनियम 1999 (अक्टूबर 2019 से प्रभावी) के तहत पंजीकृत किया गया है।
- यह 'दार्जिलिंग चाय के बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा को मजबूत करेगा' जिसे देश और विदेशों में 'लक्जरी' उत्पाद माना जाता है।

**5.** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री **हर्षवर्धन** ने निमोनिया के कारण बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए कहां पर 'SAANS' अभियान शुरू किया ____ **गुजरात।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- श्री वर्धन ने गुजरात में गुड, रेप्लिकेबल प्रैक्टिसेज एंड इनोवेशन पर 6वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करते समय अभियान की शुरुआत की।
- **SAANS अभियान** का उद्देश्य निमोनिया के कारण बाल मृत्यु दर को कम करना है, जिससे वार्षिक रूप से लगभग 15% मृत्यु पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की होती है।

**6.** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री **नरेंद्र सिंह तोमर** ने कहां पर **SARAS भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले** का उद्घाटन किया ____ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- अब तक सात करोड़ से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूहों में शामिल हो चुकी हैं और मंत्रालय इस संख्या को 10 करोड़ तक ले जाने के सभी संभव प्रयास कर रहा है।

**7. भारत सरकार** और **एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने कर्नाटक एकीकृत एवं सतत जल संसाधन प्रबंधन निवेश कार्यक्रम (IWRM) के तहत कितनी धनराशि के ऋण पर हस्ताक्षर किए _____ **91 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- परियोजना विजयनगर चैनल सिंचाई प्रणालियों को आधुनिक बनाने में मदद करेगी, कृष्णा नदी घाटी में नदी घाटी प्रबंधन योजना तैयार करेगी जो कर्नाटक में सिंचाई जल उपयोग दक्षता में सुधार करेगी और स्थायी जल सुरक्षा में सुधार करने में योगदान करेगी।

**8.** भारत का सबसे बड़ा चलचित्र संबंधी समारोह, **50वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)** कहां प्रारंभ हुआ _____**पणजी, गोवा।**

**नोट:**

- रजनीकांत को पिछले कई दशकों के दौरान भारतीय सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्पेशल आइकॉन ऑफ गोल्डन जुबली अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।
- फ्रांसीसी अभिनेत्री इसाबेल हूपर्ट को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- रूस IFFI 2019 का भागीदार देश है।

**9.** सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए **'आओ स्कूल चलें'** के अंतर्गत एक विशेष नामांकन अभियान किसने शुरू किया _____ **स्कूल शिक्षा निदेशालय (DSEJ), जम्मू।**

**नोट:**

- स्कूल शिक्षा निदेशालय के अनुसार, जम्मू संभाग के सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों की देखरेख में सरकारी स्कूलों के सभी गांवों और जलग्रहण क्षेत्रों में विशेष नामांकन अभियान चलाया जाएगा।
- अभियान का मुख्य उद्देश्य 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों की प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करना है।

**10.** दुल्हनों को 1 तोला सोना मुफ्त में प्रदान करने के लिए **अरुंधति योजना** को मंजूरी देने वाली राज्य सरकार___**असम।**

**नोट:**

- यह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के माता-पिता को दुल्हन के लिए 1 तोला सोना (11.66 ग्राम) प्रदान करती है, जिनकी वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- योजना का उद्देश्य बाल विवाह निरोधक अधिनियम के तहत बाल विवाह को कम करना है, इस अधिनियम में भारत में एक लड़की का विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले नहीं हो सकता है, और एक लड़के का विवाह 21 वर्ष की आयु से पहले नहीं हो सकता है।

**11.** 500 माध्यमिक विद्यालयों को वर्चुअल क्लासरूम से जोड़ने के लिए एक प्रॉजेक्ट किस राज्य सरकार से शुरू किया___ **उत्तराखंड।**

**नोट:**

- शिक्षकों की कमी का सामना कर रहे राजकीय स्कूलों को नई तकनीक से लाभ होगा।
- वर्चुअल क्लास में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुआ जाता है जहां छात्र समयोचित आधार पर शिक्षक से मिल सकते हैं और प्रश्न पूछ सकते हैं।
- प्रॉजेक्ट से राज्य के 500 सरकारी संचालित माध्यमिक विद्यालयों के अनुमानित 1.90 लाख छात्र लाभान्वित होंगे।

**12. हरियाणा सरकार** ने एक नया विभाग बनाने का निर्णय लिया है जिसका नाम है _______**'विदेशी सहयोग' विभाग।**

**नोट:**

- यह विभाग राज्य सरकार द्वारा निवेश को बढ़ावा देने, युवाओं के लिए रोजगार और प्रवासी भारतीयों के कल्याण के लिए शुरू की गई विभिन्न पहलों को कारगर बनाने और उन पर ध्यान केंद्रित करने हेतु बनाया गया है।
- नया विभाग निवेश को बढ़ावा देने, राज्य में रोजगार, शिक्षा और कौशल विकास और हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने और हरियाणवी प्रवासी के कल्याण के लिए देश-वार रणनीतियों के निर्माण के लिए काम करेगा।

**13.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** ने कहां पर नव स्थापित **मुंडेरवा चीनी मिल** का उद्घाटन किया _____ **बस्ती जिला।**

**नोट:**

- मुंडेरवा मिल में प्रति दिन 5000 टन गन्ने की क्षमता होगी और 27 मेगा वाट बिजली पैदा होगी।
- यह केवल तीन सप्ताह में राज्य में तीसरी चीनी मिल का उद्घाटन होगा (बागपत में रमाला और गोरखपुर में पिपराइच)।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1. 6वीं आसियान रक्षा मंत्री बैठक** (ADMM-Plus) कहां शुरू हुई_____ **बैंकॉक, थाईलैंड।**

**नोट:**

- ADMM-Plus देशों के 17 अन्य रक्षा मंत्रियों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठक में शामिल हुए।
- इससे पहले, श्री सिंह ने संबंधित नेताओं के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के सारे पहलुओं की समीक्षा की और संबंधों को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

**2.** नवीनतम **वैश्विक रिश्वत जोखिम सूचकांक** के अनुसार, दक्षिण एशिया में रिश्वत के जोखिमों के संदर्भ में **"सर्वाधिक जोखिम वाला देश"** _____**बांग्लादेश।**

**नोट:**

- भारत को वैश्विक रिश्वत जोखिम सूचकांक में 178 देशों के बीच 78वें स्थान पर रखा गया है।
- दक्षिण एशिया में, पाकिस्तान और अफगानिस्तान एकमात्र ऐसे देश हैं जहां रिश्वत जोखिम 'उच्च' है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- दुनिया में न्यूनतम रिश्वत जोखिम वाले पांच देश न्यूजीलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड हैं।

**3.** पाकिस्तान टाइफाइड से निपटने के लिए नया टीका पेश करने वाला पहला देश __ **पाकिस्तान।**

**नोट:**

- पाकिस्तान अपने राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित **टाइफाइड कॉन्जुगेट वैक्सीन (TCV)** पेश करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया।
- इसे प्रारंभ में सिंध के शहरी क्षेत्रों में 18 से 30 नवंबर तक चलने वाले दो सप्ताह के टीकाकरण अभियान के दौरान उपयोग किया जाएगा।

**4.** पहला भारत-कतर संयुक्त नौसेना अभ्यास ज़ाएर-अल-बहर (समुद्र की गर्जना) कहां प्रारंभ हुआ____ **दोहा।**

**नोट:**

- दोनों सेनाओं के बीच पारस्परिकता बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना और कतरी एमीरी नौसेना बल के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास **ज़ाएर-अल-बहर** (समुद्र की गर्जना) दोहा में शुरू हुआ।
- भारत की ओर से, भारतीय नौसेना गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ फ्रिगेट INS त्रिकंद और गश्ती विमान P8-I अभ्यास में भाग ले रहे हैं।
- कतर नौसेना की ओर से राफेल मल्टी टास्क फाइटर एयरक्राफ्ट के साथ एंटी-शिप मिसाइल से लैस बारज़न क्लास फास्ट अटैक क्राफ्ट भाग लेंगे।

**5.** वर्ष 2019 के लिए **वर्ल्ड टैलेंट रैंकिंग (WTR**) में भारत का स्थान _____ **59वां स्थान।**

**नोट:**

- जारी रिपोर्ट में, भारत को 63 देशों की वैश्विक वार्षिक सूची में 6 स्थान नीचे करके 59वें स्थान पर रखा गया था।
- स्विट्जरलैंड के बाद शीर्ष 10 देशों में डेनमार्क (दूसरे), स्वीडन (तीसरे), ऑस्ट्रिया (चौथे), लक्समबर्ग (पांचवें), नॉर्वे (6वें), आइसलैंड (7वें), फिनलैंड (8वें), नीदरलैंड (9वें) और सिंगापुर (10वें) थे।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** एक भारतीय पीएचडी छात्र जिन्होंने ब्रिक्स-यंग इनोवेटर पुरस्कार जीता __ **रवि प्रकाश।**

**नोट:**

- भारत ने ब्राजील में 6-8 नवंबर 2019 के दौरान #ब्रिक्स- यंग साइंटिस्ट फोरम (YSF) सम्मेलन का प्रथम पुरस्कार जीता।
- चौथे ब्रिक्स- YSF का विषय "साइबर सुरक्षा और जैव अर्थव्यवस्था" (**Cybersecurity and Bio economy**) था।
- **ब्रिक्स यंग इनोवेटर पुरस्कार** का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान, विकास और नवाचार परियोजनाओं को पहचानना और पुरस्कृत करना है।

**2.** भारतीय तंबाकू बोर्ड को कहां पर आयोजित टैब एक्सपो 2019 में **'गोल्डन लीफ अवार्ड 2019'** से सम्मानित किया गया _____ **नीदरलैंड।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- भारतीय तंबाकू बोर्ड को नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में आयोजित टैब एक्सपो 2019 में **'गोल्डन लीफ अवार्ड 2019'** से सम्मानित किया गया।
- इसे भारत में **फ्ल्यू-क्योर्ड वर्जीनिया** (FCV) तंबाकू की खेती की दिशा में विभिन्न पारिस्थितिक पहल चलाने के प्रयासों के लिए 'पब्लिक सर्विस इनिशिएटिव' श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया गया।
- गोल्डन लीफ अवार्ड की शुरुआत तंबाकू उद्योग में पेशेवर उत्कृष्टता और समर्पण को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2006 में एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका टोबैको रिपोर्टर द्वारा की गई थी।

**3. मनोज वाजपेयी** अभिनीत फिल्म जिसने **'एशियाई फिल्म महोत्सव'** बार्सिलोना में दो पुरस्कार जीते___**'भोंसले'।**

**नोट:**

- **मनोज वाजपेयी** अभिनीत और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित **फिल्म 'भोंसले'** ने स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित **'एशियाई फिल्म महोत्सव'** में 'सर्वश्रेष्ठ पटकथा' (बेस्ट स्क्रीनप्ले) और 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' के पुरस्कार जीते।
- फिल्म का निर्देशन देवाशीष मखीजा ने किया था।
- फिल्म "भोंसले" की कहानी मनोज बाजपेयी द्वारा निभाई गई एक पुलिस कॉन्स्टेबल की भूमिका के इर्द-गिर्द घूमती है, जो स्थानीय राजनेताओं के साथ प्रवासियों के संघर्ष और उनकी लड़ाई में मदद करने की कोशिश करता है।

**4.** बांग्लादेश की प्रसिद्ध रवींद्र संगीत प्रतिपादक जिन्हें ढाका में प्रतिष्ठित **ICCR पूर्व छात्र पुरस्कार** से सम्मानित किया गया __ **रेजवाना चौधरी बान्या।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास द्वारा इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र (IGCC) द्वारा आयोजित एक संगीत समारोह में दिया गया।
- रेजवाना चौधरी बान्या को रवींद्र संगीत की एक महान प्रतिपादक के रूप में जाना जाता है।

**5.** वर्ष 2018 और 2019 के लिए **अक्किनेनी नागेश्वर राव राष्ट्रीय पुरस्कार** से किन्हें सम्मानित किया गया ___ **दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और अभिनेत्री रेखा।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार चिरंजीवी (तेलुगु अभिनेता) द्वारा प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार अक्किनेनी इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा शुरू किया गया है और उन लोगों को सम्मानित करता है जिन्होंने भारतीय सिनेमा पर एक दीर्घकालिक प्रभाव डाला है।

**6.** भारतीय पहलवान जिन्हें इंडो अरब लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2019 में **इंडियन पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर पुरस्कार (खेल)** से सम्मानित किया गया ____ **बजरंग पुनिया।**

**नोट:**

- विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियन महंत गौरव शर्मा को विजनरी लीडर्स ऑफ द ईयर (खेल) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- हाल ही में, गौरव को लंदन में प्रतिष्ठित महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**7.** प्रसिद्ध प्रदार्थविज्ञानी और प्रसारक जिन्हें **इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार 2019** प्रदान किया जाएगा ____ **सर डेविड एटनबरो।**

**नोट:**

- उन्हें जैवविविधता के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उनके अथक परिश्रम हेतु पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर प्रतिष्ठित इस पुरस्कार को वर्ष 1986 से इंदिरा गांधी न्यास द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

**8.** भारत के कप्तान जिन्हें पशुओं की रक्षा के उनके प्रयासों के लिए पीपुल्स ऑफ द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) **इंडिया पर्सन ऑफ द ईयर 2019** के लिए नामित किया गया ___ **विराट कोहली।**

**नोट:**

- जानवरों की स्थितियों में सुधार के लिए विराट कोहली के प्रयासों में अधिकारियों को एक पत्र भेजना शामिल है जिसमें आमेर दुर्ग में सवारी के लिए उपयोग किए जाने वाले एक हाथी को मुक्त कराने के लिए कहा गया था।
- पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) नॉरफ़ॉक, वर्जीनिया में स्थित एक अमेरिकी पशु अधिकार संगठन है।

## खेल समाचार

**1.** मैच फिक्सिंग को अपराध घोषित करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश__ **श्रीलंका।**

**नोट:**

- श्रीलंका मैच फिक्सिंग से संबंधित कई अपराधों को गैर-कानूनी घोषित करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश बन गया है।
- श्रीलंका की संसद ने "खेल से संबंधित अपराधों का निवारण" नामक एक विधेयक के सभी तीन वाचन को पारित किया।

**2.** भारतीय राज्य जो कबड्डी विश्व कप 2019 की मेजबानी करेगा___**पंजाब।**

**नोट:**

- यह टूर्नामेंट गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती (1 से 9 दिसंबर) को समर्पित होगा।
- नौ टीमों - भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका, केन्या, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और कनाडा के टूर्नामेंट में भाग लेने की उम्मीद है।

**3.** अनुभवी कोच जिन्हें फीफा का **वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख** नियुक्त किया गया ___ **आर्सेन वेंगर।**

**नोट:**

- वह दुनिया भर में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खेल के विकास हेतु उत्तरदायी होगा और खेल के नियमों में संभावित परिवर्तन सहित तकनीकी मामलों पर भी शीर्ष प्राधिकरण होगा।
- वेंगर ने गनर्स को यूरोप की एक सबसे मजबूत टीम बनाया, जिसने तीन प्रीमियर लीग खिताब और सात FA कप जीते और वे अपनी टीम को 2006 चैंपियंस लीग के फाइनल तक ले गए।

**4.** भारतीय धावक जिन्हें दुनिया के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की टाइम 100 सूची में नामित किया गया___ **दुती चंद।**

**नोट:**

- टाइम पत्रिका की एक पहल यह सूची 100 उभरते सितारों को विशिष्ट रूप से दर्शाती है जो व्यवसाय, मनोरंजन, खेल, राजनीति, स्वास्थ्य, विज्ञान, सक्रियतावाद आदि के भविष्य को आकार दे रहे हैं।

**5.** UEFA **यूरो 2020 फुटबॉल टूर्नामेंट** के लिए किसने क्वालीफाई किया ___ **इंग्लैंड।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना 99वां अंतर्राष्ट्रीय गोल किया और पुर्तगाल ने यूरो 2020 के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया।
- पुर्तगाल गत विजेता देश है, जिसने 2016 संस्करण जीता था।
- पहली बार, UEFA यूरोपीय चैंपियनशिप में वीडियो असिस्टेंट रेफरी (VAR) प्रणाली का उपयोग किया जाएगा।

**6.** ग्रीक टेनिस खिलाड़ी जिन्होंने लंदन में ATP फाइनल जीता __ **स्टेफानोस सित्सिपास।**

**नोट:**

- यह सित्सिपास का सत्र का तीसरा खिताब है और मिलान में नेक्स्ट जेन ATP फाइनल में चैंपियन बनने के एक वर्ष बाद मिला है।
- सेमी-फ़ाइनल में छह बार के चैंपियन रोजर फेडरर को हराने के बाद सित्सिपास ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

**7.** भारतीय महिलाओं ने कहां पर आयोजित **एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप** में पांच स्वर्ण जीते, जबकि पुरुषों ने दो रजत जीते ___**मंगोलिया।**

**नोट:**

- अंतिम दौर की सभी पांच महिला खिलाड़ियों, नेओरेम चानू (51 किग्रा), विंका (64 किग्रा) सनमाचा चानू (75 किग्रा), पूनम (54 किग्रा) और सुषमा (81 किग्रा) ने शानदार खेल का प्रदर्शन करके देश के लिए स्वर्ण जीता।
- पुरुषों में, सेलेय सॉय (49 किग्रा) और अंकित नरवल (60 किग्रा) अपने-अपने अंतिम मुकाबलों में हारने के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

**8.** इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन (ITTF) चैलेंज **इंडोनेशिया ओपन 2019** टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पुरुषों के एकल का स्वर्ण किसने जीता ___ **हरमीत देसाई।**

**नोट:**

- हरमीत ने हमवतन अमलराज एंथोनी को 11-9, 9-11, 11-9, 11-9, 10-12, 11-9 से हराया।

**9.** कोरियाई युवा खिलाड़ी **जोह्युंग किम** ने कहां पर आयोजित 2019 पैनासोनिक ओपन इंडिया टूर्नामेंट जीता ____ **गुरुग्राम, हरियाणा।**

**नोट:**

- भारत के शिव कपूर और चिक्करंगप्पा एस. समान रूप से दूसरे स्थान पर रहे।
- इस जीत के साथ, जोह्युंग किम एशियाई दौरे पर दूसरे सबसे युवा विजेता बन गए हैं।

**10.** स्पेन के स्ट्राइकर जिन्होंने फुटबॉल से अपने सन्यास की घोषणा की __ **डेविड विला।**

**नोट:**

- डेविड विला ने 98 मैचों में 59 गोल करके राष्ट्रीय टीम से संन्यास लिया, जिससे वह स्पेन के अब तक के शीर्ष गोल करने वाले खिलाड़ी और साथ ही विश्व कप में नौ गोल के साथ देश के शीर्ष स्कोरर हैं।

**11.** भारत-पाकिस्तान डेविस कप मुकाबला कहां से कजाकिस्तान की राजधानी नूर-सुल्तान में स्थानांतरित किया गया ______ **इस्लामाबाद।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- डेविस कप सितंबर में आयोजित होना निर्धारित था, लेकिन भारत द्वारा अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त करने के बाद 29-30 नवंबर को कर दिया गया।
- टीम का नेतृत्व एकल खिलाड़ी सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन करेंगे जबकि अनुभवी लिएंडर पेस और जीवन नेदुन्चेझियान की जोड़ी युगल का नेतृत्व करेगी।

**12.** बेल्जियम-डच रेसिंग ड्राइवर जिन्होंने **फॉर्मूला वन ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स 2019** जीती ___ **मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल के साथ)।**

**नोट:**

- फेरारी के सेबस्टियन वेट्टेल और चार्ल्स लेक्लर्क रेस के दौरान में भिड़ गए, जिसके कारण वेर्स्टाप्पेन आगे निकलने और अंततः रेस जीतने में कामयाब हो सके।
- पियरे गैस्ली (फ्रांस) दूसरे स्थान पर रहे और यह उनके लिए पहला पोडियम स्थान था जबकि लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे।

**13. ISSF विश्व कप 2019** में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय निशानेबाज ___ **मनु भाकर।**

**नोट:**

- सर्बिया की जोराना अरुणोविच ने 241.9 के स्कोर के साथ रजत जीता, जबकि चीन की क्वियान वांग ने 221.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।
- मनु भाकर ने विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 244.7 अंक हासिल किए।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co